दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 27 ⁄ 10 ⁄ 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट को लेकर चिंता प्रकट की है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज श्री मोदी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि कानूनन किसी को भी डिजिटली अरेस्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर हो रहे फर्जीवाड़े को रोकने के लिए सभी जांच एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान एक पीड़ित और एक जालसाज के बीच हुई बातचीत को भी सुनाया। बातचीत में जालसाज अपने को पुलिस, सीबीआई अथवा नार्कोटिक्स विभाग का अधिकारी बता रहा था। ऐसे जालसाज, पीड़ित से व्यक्तिगत सूचनाएं लेकर भय का माहौल पैदा कर देते हैं। श्री मोदी ने लोगों से अपील  की कि वे ऐसे फर्जी कॉल आने पर भयभीत न हों।

प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा के लिए तीन उपायों की चर्चा की। ये उपाय हैं–रुको, सोचो और करो। उन्होंने ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर लोगों को शांत रहने और अपनी व्यक्तिगत सूचना किसी से भी साझा न करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि संभव होने पर ऐसे क्षण का स्क्रीन शॉट लेना चाहिए और बातचीत को रिकार्ड करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने लोगों को ऐसे मामलों में सलाह के लिए साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 डायल करने और वेबसाइट साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर मामले की जानकारी देने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि साइबर फर्जीवाड़े के शिकार लोगों को जागरूकता का प्रसार भी करना चाहिए। इसके लिए हैशटेग सेफ डिजिटल इंडिया का उपयोग किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश की सामूहिक चेतना का अंग बन गया है। प्रधानमंत्री ने त्योहारों के इस मौसम में खरीदारी करते समय वोकल फॉर लोकल के मंत्र को ध्यान में रखने की भी अपील की। मन की बात में प्रधानमंत्री ने फिट इंडिया के बारे में भी बात की। उन्होंने संतोष जाहिर किया कि भारत के लोग फिटनेस के बारे में ज्यादा जागरूक हो रहे हैं। श्री मोदी ने इस वर्ष 31 अक्तूबर को दिवाली के अवसर पर

सरदार पटेल की जयंती का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके कारण रन फॉर यूनिटी इस वर्ष 29 अक्तूबर को ही आयोजित होगी। श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में लोगों को आगामी त्योहारों धनतेरस, दिवाली, छठ पूजा और गुरूनानक जयंती की शुभकामनाएं दी है।

———————————————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ उपचुनाव में प्रत्याशियों द्वारा भरे गए नामांकन पत्रों की कल जांच की जाएगी। उपचुनाव के लिए चार सीटों पर पचास उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक सत्रह उम्मीदवारो ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। तीस अक्टूबर तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान तेरह नवम्बर को होगा। मतों की गिनती तेईस नवम्बर को की जायेगी

———————————————————————————

सीवान के पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हीना शहाब और उनके पुत्र ओसामा शहाब ने आज राजद की सदस्यता ग्रहण कर ली। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने इन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करायी। इससे पहले तेजस्वी यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में इन दोनों के पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। गौरतलब है कि हीना शहाब राजद नेतृत्व से नाराज चल रही थी और लोकसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप मे सीवान संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा था।

———————————————————————————

चक्रवाती तूफान दाना का प्रभाव प्रदेश के विभिन्न भागों में अभी भी बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे के दौरान राज्य के दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गई। मुंगेर में सबसे अधिक चौरासी मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इधर, राजधानी पटना समेत आसपास के क्षेत्रों में बादल छाये हुए है और कहीं–कहीं हल्की वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनो तक प्रदेश के मौसम कोई बड़ा परिवर्तन नही होगा।

———————————————————————————

समाप्त